आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 20.04.2025

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।
- उत्तरकाशी में ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां का आयोजन।
- हरिद्वार और उत्तरकाशी में अग्निशमन सेवा दल ने 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।
- और.... चम्पावत जिले में 21 अप्रैल से 6 मई तक समान नागरिक संहिता के तहत ग्राम पंचायतवार पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

<u>दिशा बैठक</u>

टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया है। नई टिहरी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति– दिशा की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। श्रीमती शाह ने कहा कि भिलंगना समेत कई क्षेत्रों से संचार सेवाओं की समस्याएं सामने आ रही हैं, जिनके समाधान के लिए दूरसंचार विभाग के अधिकारी प्राथमिकता से कार्रवाई करें।

सांसद ने चारधाम यात्रा से पहले सड़कों को गड्ढामुक्त करने और पिछली दिशा बैठक में उठाई गई समस्याओं पर हुई प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में सांसद ने पीएमजीएसवाई के चौथे चरण के तहत सड़क से वंचित बसावटों को जोड़ने, जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने, हर घर तक पानी पहुंचाने, पर बल दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण के लिए स्थानीय निकाय भूमि की व्यवस्था करने को कहा, ताकि शहरी गरीबों को भी आवास का लाभ मिल सके।

<u>महिला सशक्तीकरण</u>

चारधाम यात्रा की तैयारियों के तहत उत्तरकाशी में ग्रामोत्थान– रीप परियोजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां तेज़ी से संचालित हो रही हैं। ग्राम पंचायत खरसाली, यमुनोत्री के खुशी मठ में मां यमुना ग्राम संगठन की महिलाओं के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में रीप और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण के तहत उन्हें घरेलू धूप, अगरबत्ती और स्थानीय प्रसाद निर्माण की विधियों में दक्ष बनाया जा रहा है। यात्रा काल में इन उत्पादों को रीप और एनआरएलएम द्वारा संचालित विशेष आउटलेट्स के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा। मां यमुना मंदिर में चोलाई के लड्डू और अन्य उत्पाद मुख्य भोग प्रसाद के रूप में अर्पित किए जाएंगे।

जिला परियोजना प्रबंधक कपिल उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष जिला प्रशासन ने महिलाओं को विभिन्न स्थानों पर आउटलेट संचालन के लिए स्थान भी उपलब्ध कराए हैं। यह पहल महिला समूहों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देने का कार्य कर रही है।

कृषि और बागवानी नुकसान

पिछले कुछ दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी और ओलावृष्टि से कृषि और बागवानी को नुकसान पहुंचा है। ऊधमसिंह नगर में आम और लीची की फसल को करीब 15 फीसदी नुकसान हुआ है। गेहूं की फसल की करीब 80 फीसदी कटाई पहले ही हो चुकी थी, जिससे नुकसान सीमित रहा।

गौरतलब है कि जिले में आठ हजार हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में बागवानी की जाती है, जिसमें 3 हजार 766 हैक्टेयर में आम और एक हजार 528 हैक्टेयर में लीची की खेती होती है। वहीं, करीब 1 लाख हैक्टेयर में गेहूं की खेती भी है।

मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि जिले में आम, लीची, आंवला और अमरूद की खेती होती है। 17 और 18 अप्रैल की रात आई आंधी से आम की फसल को नुकसान हुआ है। नुकसान के आकलन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री

स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इससे पहले डॉ. रावत ने देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित मैराथन (एक कदम पर्यावरण के नाम) के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

अग्निशमन सेवा

उत्तरकाशी जिले के बड़कोट में अग्निशमन सेवा दल ने 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। टीम ने बड़कोट और नौगांव में स्थित विभिन्न बैंकों में अग्नि सुरक्षा औरं बचाव कार्यक्रम आयोजित कर बैंक में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिक अग्नि शमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्यूशर) के संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही आग बुझाने का प्रशिक्षण भी दिया। साथ ही आग से होने वाली दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और उस समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

उधर, हरिद्वार क्षेत्र के होटलों और सिनेमा घरों में भी अग्निसुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटना से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।

यूसीसी

चम्पावत जिला प्रशासन ने खेतीखान में एक विवाह समारोह के अवसर पर लोगों को समान नागरिक संहिता–यूसीसी पंजीकरण के प्रति जागरूक किया। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और अतिथियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने यूसीसी के अन्तर्गत चल रहे नागरिक पंजीकरण अभियान की जानकारी साझा की तथा लोगों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता करने का आग्रह किया।

उन्होंने ग्रामीणों को पंजीकरण की अनिवार्यता, प्रक्रिया की सरलता तथा इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित नागरिकों की शंकाओं का समाधान भी किया, जिससे लोगों में पंजीकरण के प्रति भ्रांतियां दूर हुईं।

श्री पाण्डेय ने कहा कि जिला प्रशासन चम्पावत निरंतर प्रयास कर रहा है कि यूसीसी पंजीकरण अभियान अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचे तथा सभी नागरिक समय से पंजीकरण कराकर इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बन सकें।

<u>पंजीकरण</u>

चम्पावत जिले के सभी विकासखंडों में 21 अप्रैल से 6 मई तक समान नागरिक संहिता–यू.सी.सी. के तहत ग्राम पंचायतवार पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर हर दिन, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत के जन सेवा केंद्र में संचालित होंगे।

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शिविर स्थल पर विशेष पर्यवेक्षक अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो पंजीकरण प्रक्रिया की निगरानी के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी देंगे।

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने ग्राम पंचायत के शिविर में भाग लें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पंजीकरण कराएं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

वक्फ सुधार अभियान

भारतीय जनता पार्टी आज से वक्फ सुधार जन–जागरण अभियान शुरू कर रही है। इसका उद्देश्य वक्फ संशोधन कानून के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान पांच मई तक जारी रहेगा। इस अभियान के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे।

पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस महीने की दस तारीख को नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में इस अभियान को शुरू किए जाने की घोषणा की थी। श्री नड्डा ने आरोप लगाया था कि विपक्षी नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए संशोधित कानून के प्रावधानों को लेकर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

एम्स

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में चिकित्सा क्षेत्र में सिमुलेशन पर आधारित सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशालाएं हुई,जिनमें प्रतिभागियों को सिमुलेशन आधारित तमाम तरह के व्यवहारिक प्रशिक्षण दिए गए। तीन दिवसीय

सम्मेलन में देश–दुनिया से जुटे चिकित्सा विज्ञानियों, विशेषज्ञों, शिक्षकों व स्वास्थ्य पेशेवरों ने चिकित्सा सिमुलेशन के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोगी सुरक्षा में इसके परिवर्तनकारी योगदान पर गहन चर्चा की। इस दौरान कार्यशालाओं में 310 प्रतिनिधियों व संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया,जबकि विभिन्न प्रशिक्षणों में 70 से अधिक प्रतिभागी शामिल रहे।

ईस्टर

आज ईस्टर है। मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ था। आज इस अवसर पर दुनिया भर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि ईस्टर आशा और नएपन का प्रतीक है।